**परेशानी** काम पर लौटने वालों की एकाएक बढ़ी भीड़

## मेल, एक्सप्रेस से लेकर पैसेंजर तक सभी ट्रेनें फुल



ट्रेन का इंतजार करते यात्री



त्यौहार के दौरान प्लेट फार्म पर भीड़

**जबलपुर, नवभारत।** होली का त्यौहार अब पूरा हो चला है। शहर के सभी छोटे से लेकर बड़े स्टेशनों में अब पर्व के बाद कामकाज के लिए बाहर लौटने वाले लोगों की भीड़ ट्रेन और बसों में उमड़ पड़ी है। बात करे अगर लंबी दूरी की ट्रेनों की तो इनमें रिजर्वेशन लगभग फुल चल रहा है, जिससे यात्रियों को सीट मिलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही जबलपुर रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। जिसको लेकर रेल अधिकारियों ने बताया कि होली के बाद बाहर काम करने वाले लोगों की वापसी के कारण ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन अलर्ट मोड में है और अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

### एक सप्ताह तक भीड़ रहने की संभावना

रेल प्रशासन ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। हावड़ा जाने वाली मुंबई मेल, बिहार और रांची जाने वाली जनता और मुंबई रांची एक्सप्रेस, दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति, श्री धाम एक्सप्रेस तथा अजमेर जाने वाली दयोदय एक्सप्रेस में यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही थी। इसके अलावा पैसेंजर ट्रेनों में भी यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जानकारी अनुसार हर साल की तरह इस वर्ष भी होली के बाद लगभग एक सप्ताह तक ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ रहने की संभावना है। लंबी दूरी और पैसेंजर ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ के सहयोग से स्टेशन परिसर में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोका जा सके।

## जस्टिस धर्माधिकारी होंगे मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**मप्र उच्च न्यायालय से है गहरा नाता**



**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय में रहे जस्टिस सुश्रुत अरविन्द धर्माधिकारी मद्रास उच्च न्यायालय के अगले चीफ जस्टिस होंगे। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की अनुशंसा के बाद केंद्र के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया। इसके साथ ही वे मप्र उच्च न्यायालय से अन्य राज्यों में चीफ जस्टिस बनने वाले 17वें न्यायाधीश बन गए हैं। मालूम हो कि 8 जुलाई 1966 को रायपुर में जन्मे जस्टिस धर्माधिकारी का अपॉइंटमेंट मद्रास उच्च न्यायालय के मौजूदा चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव के रिटायरमेंट के दिन 5 मार्च को हुआ है। जस्टिस धर्माधिकारी वर्तमान में केरल उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं। रायपुर में जन्मे जस्टिस धर्माधिकारी ने 1992 में अपना लीगल करियर शुरू किया। उन्होंने दो दशकों से ज्यादा समय तक मप्र उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस की जिसमें उन्होंने सिविल, क्रिमिनल और कॉन्स्टिट्यूशनल मामले में सटीक पैरवी की। कॉलेजियम ने इस दौरान एक नीतिगत निर्णय भी लिया था। इसके तहत अब जिस न्यायाधीश को किसी उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बनाया जाना होगा, उसे संबंधित उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त होने से लगभग दो माह पहले ही स्थानांतरित किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह था कि नियुक्ति से पहले ट्रांसफर होने वाले न्यायाधीश संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों से परिचित हो सके, जिससे मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालने में सुविधा हो। बता दे कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केंद्र सरकार ने जस्टिस सुश्रुत अरविन्द धर्माधिकारी को मद्रास उच्च न्यायालय का चीफ जस्टिस बनाने की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी है। वे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के ऐसे 18 वें जज हैं, जिन्हें देश के दूसरे उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बनने का अवसर मिलेगा इनसे पहले जस्टिस जीजी सोहानी को पटना, बीसी वर्मा को पंजाब हरियाणा, एसके सेठ को हिमाचल प्रदेश, गुलाब गुप्ता को हिमाचल प्रदेश, केएम अग्रवाल सिक्किम, राजीव गुप्ता को छत्तीसगढ़, आरएस गर्ग गुवाहाटी, उमानाथ सिंह मेघालय, अजित सिंह गुवाहाटी, राजेन्द्र मेनन नई दिल्ली, आरएस झा पंजाब हरियाणा, संजय यादव को इलाहाबाद, प्रकाश श्रीवास्तव को कोलकाता, आलोक अराधे को तेलंगाना और जस्टिस शील नागू को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया जा चुका है।



## गार्ड ऑफ ऑनर के बीच मेडिकल में देहदान

**नवभारत, जबलपुर।** कटनी जिले की विजयराघवगढ़ तहसील के निवासी कुंजी दास बैरागी ने मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा का ऐसा प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो समाज में नई चेतना जगाने वाला है। जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज की दिव्य शिक्षाओं से प्रेरित होकर उन्होंने जीवनकाल में ही देहदान का संकल्प लिया था। उनके निधन के बाद उनके परिवारजनों ने इस पवित्र संकल्प को पूरा करते हुए उनका शरीर चिकित्सा शिक्षा के लिए दान कर दिया। जानकारी के अनुसार कुंजी दास बैरागी का उपचार सुभाष चंद्र मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में चल रहा था, जहां विगत 5 मार्च 2026 को उनका निधन हो गया था। इसके बाद उनके परिवारजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए 6 मार्च को मेडिकल कॉलेज में उनका देहदान कर दिया। इस महान मानवीय कार्य के लिए मेडिकल कॉलेज में प्रशासन द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया और पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देहदान के दौरान परिवार जनो की आंखें नम रहीं। कुंजी दास बैरागी का यह महान निर्णय न केवल समाज के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह संत रामपाल जी महाराज की शिक्षाओं की जीवंत मिसाल भी है। उनका यह देहदान यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह मानवता की सेवा के रूप में भी प्रकट होती है।

## भू-माफियाओं ने करोड़ों की जमीन हड़पने रची साजिश

**46 एकड़ जमीन का बनाया फर्जी एग्रीमेंट, एफआईआर दर्ज**




**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत सिहोरा तहसील स्थित धमधा में भू-माफियाओं ने एक कंपनी की करोड़ों रुपये की 46 एकड़ भूमि को हड़पने साजिश रचते हुए फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया। भू-माफियाओं ने कंपनी के नाम पर न केवल फर्जी बोर्ड मीटिंग के प्रस्ताव तैयार किए, बल्कि करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन का विक्रय अनुबंध भी निष्पादित कर दिया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मेसर्स रत्नगर्भा स्टील प्रा.लि. की धमधा स्थित भूमि है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि सौरभ त्रिपाठी निवासी बड़वारा, कटनी ने गोसलपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी कंपनी के स्वामित्व वाली 18.66 हेक्टेयर (46.65 एकड़) कृषि भूमि को हड़पने के लिए भू माफियाओं ने साजिश रची। मुकेश कुमार वर्मा, संतोष कुमार यादव ने मिलकर जमीन हड़पने जाली दस्तावेज तैयार किए । कूटरचित दस्तावेज के जरिए बने अनुबंध में दावा किया गया कि 21 जुलाई 2025 को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में जमीन बेचने का प्रस्ताव पारित हुआ, जबकि कंपनी के अनुसार ऐसी कोई बैठक हुई ही नहीं। अनुबंध में 1 करोड़ रुपये की बयाना राशि का झूठा उल्लेख किया गया है, ताकि सौदा असली लगे। कंपनी का फर्जी प्रतिनिधि बनाकर पेश किया गया, जबकि कंपनी ने उसे कभी अधिकृत नहीं किया। सौरभ त्रिपाठी को पहले ही भनक लग गई थी कि भू-माफिया सक्रिय हैं। उन्होंने 12 अगस्त 2025 को ही उप-पंजीयक सिहोरा को आवेदन देकर जमीन की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी। इसके बावजूद, 18 अगस्त को जबलपुर पंजीयक कार्यालय में फर्जी दस्तावेजों के जरिए अनुबंध निष्पादित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने राजस्व अभिलेख और फर्जी अनुबंध से जुड़े दस्तावेज पुलिस को सौंपे है। सौरभ त्रिपाठी की शिकायत पर गोसलपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंदिर जाने का कहकर निकली छात्रा लापता

**नवभारत, जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत न्यू जगदम्बा कॉलोनी से एक नाबालिग छात्रा मंदिर जाने का कहकर निकली और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई । परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जय प्रकाश नारायण वार्ड निवासी एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 17 वर्षीय बेटी शताब्दीपुरम के ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा है, बेटी घर से पास ही स्थित मंदिर जाने का कहकर निकली थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। छात्रा के घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास के इलाके, दोस्तों और रिश्तेदारों के यहाँ काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। अंतत: पिता ने कोतवाली पुलिस की शरण ली साथ ही आशंका जाहिर की उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।





## निगम के प्रयास अब जमीन पर दिखाई देने लगे : निगमायुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** शहर अब न केवल साफ दिख रहा है, बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों का नजरिया भी बदल रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की जमीनी धरातल और सख्त मॉनिटरिंग का असर अब शहर की गलियों और मुख्य चौराहों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने केवल कागजों पर योजनाएं नहीं बनाईं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। कचरा संग्रहण वाहनों का समय निर्धारित किया गया है और जी.पी.एस. के जरिए उनकी निगरानी की जा रही है। इससे शहर के 'ब्लैक स्पॉट्स' जहां कचरा फेंका जाता था, तेजी से कम हो रहे हैं। रात्रि कालीन सफाई प्रमुख बाजारों और व्यापारिक क्षेत्रों में रात के समय भी सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सुबह नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिले। कचरे के वैज्ञानिक निपटान पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे डंपिंग साइट्स का बोझ कम हुआ है। खाली पड़े स्थानों को साफ कर वहां छोटे पार्क या सेल्फी पॉइंट विकसित किए जा रहे हैं, जिससे अवैध कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के अनुसार, स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक साझा संकल्प है। सफाई मित्रों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्कूलों और मोहल्ला समितियों के माध्यम से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने के प्रति लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।





VISIT A CITROËN SHOWROOM TODAY | 1800 267 1000 +91 7391055934 JABALPUR, R&K AUTOCORP: 9238111290/9238111325 BHOPAL, ANANTA: 6232920181 INDORE, SATGURU: 7771010416 | RAIPUR, TOWNIE: 9617774019 | GWALIOR, ANANTA: 7880171606 | SATNA, ARUN BANSAL: 8718807431, 9174407718 | REWA, ARUN BANSAL: 8718807431, 9174407718 I IMPHAL, N R TRADERS: 98561 09466 I AGARTALA, PANNA MOTORS : 8794101518 I BHUBANESWAR, AMP WHEELS PVT. LTD.: 70085 32843 I PATNA, KP AUTOMOBILES: 778101 7915 I RANCHI, KP AUTOMOBILES: 77810 17915 I DHANBAD, KP AUTOMOBILES: 7781017915 I JAMSHEDPUR, BHALOTIA: 92638 55077 I ASANSOL, BANERJEE: 81700004231 KOLKATA, CELICA: 90730 64444

*Terms and conditions apply. *Pricing is ex-showroom. The dark glass reflection is for creative representation purposes only. Vehicles & environments shown are AI-generated. Accessories, features and specifications shown may not be part of standard fitment and are subject to change without prior intimation. Actual colour of car and upholstery may differ. #Cara is available only in Basalt X and Aircross X. Always drive safely and obey traffic rules. This pictorial representation of Map of India does not purport to be the political map of India.